Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of an Overbridge at Bargawan level Crossing on N.H. 39 in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मै माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहती हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी जहां आवागमन की पर्याप्त सुविधा नही है,माननीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के प्रयास से मेरे बार-बार आग्रह करने पर सीधी- सिंगरौली सड़क का कार्य प्रगति पर है परन्तु इसी मार्ग मे (राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 39) बरगवां मे रेलवे क्रॉसिंग है । जहां सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को दिन व रात मे कभी-कभी घंटों इंतज़ार करना पड़ता है। मेरे द्वारा बरगवां रेलवे क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज का निर्माण कराने के लिए पूर्व मे भी आग्रह किया गया था। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के बरगवां रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए जिसके फलस्वरूप क्षेत्र वासियों को घंटों के जाम से छुटकारा मिल सके।